Title: Demand to take immediate steps to repair the bridge near Kahalgaon at National Highway No.80 in Bhagalpur, Bihar.

श्री सुबोध राय (भागलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, राट्रीय उच्च पथ 80 पर कहलगांव के पास पुल धंस जाने के कारण एक तेल टैंकर नदी में गिर गया। एक ठेले वाला और साइकल सवार भी दुर्घटना का शिकार हुआ। इसके चलते कहलगांव-भागलपुर आवागमन बुरी तरह बाधित है। प्रतिदिन लाखों लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी मार्ग पर हाल ही में प्रलयंकारी बाढ़ के कारण मुंगेर गांव के बीच दर्जनों जगह क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण और पुलों की स्थिति जर्जर होने के कारण भीाण दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। इसलिए भारत सरकार के सम्बन्धित मंत्रालय से मांग है कि युद्ध स्तर पर क्षतिग्रस्त पुलों के निर्माण और सड़कों के निर्माण के लिए काम किया जाए।